
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पुल के बनने से चीन को आसानी से दे सकते है चुनौती

**इंतजार खत्म**

## नेपाल और चीन सीमा पर सामरिक रूप से मिलेगी मजबूती

जवानों को अब गश्त करने में भी सहुलियत हो सकेगी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। आखिरकार लंबे इंतजार के बाद नेपाल और चीन सीमा को जोड़ने वाले सामरिक महत्व के दो मार्गो पर बने आठ पुलों को रक्षामत्री राजनाथ सिह के द्वारा हरी झंडी मिलने के बाद अब चीन सीमा के अग्रिम मोर्चो पर तैनात जवानों तक खाद्य सामग्री आसानी से पहुंचने के साथ सैन्य सामान भी जवानों तक आसानी से पहुंच जायेगां। बता दें कि जवानों को अब गश्त करने में भी सहुलियत हो सकेगी।

जानकारी के मुताबिक पांच पुल टनकपुर तवाघाट हाइवे पर बने है। यही मार्ग सीधे तवाघाट से गबार्धार होते हुए चीन सीमा लिपुलेख तक जाता है। तवाघाट से हाइवे सोबला होते हुए उच्च हिमालयी क्षेत्र चीन सीमा तिदांग तक जाता है। टनकपुर से तवाघाट व लिपुलेख तक मार्ग का निर्माण सीमा सड़क संगठन बीआरो की ओर किया गया है।

तीन अन्य पुल जौलजीवी मुंसयारी मार्ग पर बने है। जौलजीवी से मदकोट के बीच पूर्व के वैली ब्रिज के स्थान पर



अब आरसीसी के बड़े पुल बनाए गये हैं। यह सड़क दरकोट बैड से उच्च हिमालयी जोहार घाटी के चीन सीमा से लगे मिलम तक बन रही है। पुलों को तैयार होने में अब स्थानीय लोगों की आवाजाही और आसान हो सकेगी।

दूसरी ओर सुरक्षा बलों का मुवमेंट भी तेजी से सुचारू हो सकेगा। जिन पुलों का उदघाटन हुआ है वे पुल है सिराली कुल लागत चार लाख पिचसी हजार दस रूपये स्यालधार चार लाख चौरहतर हजार पचास रूपये, चरीगाड पुल नौ लाख अठारह हजार , कुलनगाड तीन लाख उनपचास हजार, तुलागाड छह लाख चालीस हजार रूपये ढुगातोली दो लाख तैतीस हजार दोबाट चार लाख पैतीस हजार और ऐलागाड सात लाख नौ हजार रूपये तक लागत के पुलों के बनने से नेपाल और चीन सीमा पर सामरिक रूपसे अब चीन से चुनौती तय करने में मजबूती मिलेगी।

## न्यूज डायरी

### एडीटीएफ ने 21 किलो गांजे के साथ दो को दबोचा

**संवाददाता** रुद्रपुर। एंटी ड्रग टास्क फोर्स (एडीटीएफ) ने दो युवकों को गांजे की तस्करी करते दबोच लिया। उनके पास से 21 किग्रा दो सौ ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों बाइक पर कट्टे में भरकर गांजा लेकर जा रहे थे। पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एडीटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय ने गांजे की तस्करी की सूचना पर मंगलवार को कांस्टेबल धर्मवीर सिंह, रणजीत लाल के साथ सिंह कालोनी रेलवे क्रासिंग के पास घेराबंदी कर दी। थापर मिल की तरफ से आ रहे बाइक सवार दो युवकों को पुलिस ने घेर कर दबोच लिया। दोनों ने अपनी बाइक नंबर यूके 06 एडी 5373 पर बीच में एक कट्टा दबा कर रखा हुआ था। उनके पास से बरामद कट्टे में 21 किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद किया।

### आलवेदर रोड पर कटिंग का काम जारी

**संवाददाता** पिथौरागढ़। आलवेदर रोड पर घाट से पिथौरागढ़ के मध्य गुरना मंदिर के पास अंतिम चरण का कटिंग कार्य अब इस हाइवे पर काम तेजी से हो रहा है। सात दिनों तक सात घंटे इस सड़क पर यातायात पूरी तरह से बंद है। जानकारी के मुताबिक जिला प्रशासन से मिली सूचना के मुताबिक टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 125 में गुरना मंदिर के पास सड़क कटिंग का कार्य चल रहा है। गुरना मंदिर के पास पहाड़ी की उंचाई ज्यादा है। प्रशासन द्वारा तय समय पर इस काम को पूरा करना बड़ा चुनौती है। वर्तमान बाया थल होते हुए लोग वाहनों से आवाजाही कर रहे है। साल दिसबंर के अंत तक लोनवि खड़ द्वारा यह काम पूरा किया जाना लगभग तय है। वही अब इस काम को पूरा कराने के लिए विभाग द्वारा कमर कस ली गई है।

### देवहा नदी से अवैध मिट्टी खनन पर बैठी जांच

**संवाददाता** खटीमा। प्रशासन ने देवहा नदी से अवैध मिट्टी खनन के मामले को गंभीरता से लिया है। इसकी जांच के लिए एसडीएम ने तीन विभागों की एक टीम गठित की गई है जो अपनी जांच रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी को सौंपेंगे। जिसमें खननकर्ताओं को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई कर जुर्माना वसूल किया जाएगा। बता दें कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की सीमा निर्धारित करने वाली देवहा नदी में लंबे समय से अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा था। बताते हैं कि राजस्व विभाग ने मिट्टी खनन की अनुमति मझोला गांव में एक निजी भूमि पर दी थी। जिसकी आड़ में देवहा नदी से अवैध खनन किया जा रहा था। खननकर्ताओं द्वारा देवहा नदी में गहरे–गहरे गड्ढे कर दिए गए हैं। अवैध खनन का यह धंधा लंबे समय से किया जा रहा था।

## अब तक गन्ना क्रय केंद्रों का नहीं हो पाया आवंटन

**संवाददाता** रुड़की। गन्ना खरीद केंद्रों को लेकर किसानों के बीच बैचेनी बढ़ी हुई है। विभाग अभी तक क्रय केंद्रों का आवंटन नहीं कर पाया है। वहीं चीनी मिलों की ओर से पूर्व में आवंटित केंद्रों को फिर से लगाने की तैयारी शुरू हो गई है।

चीनी मिल प्रबंधन की नवंबर के पहले सप्ताह में पेराई सत्र शुरू करने की योजना है। इसे लेकर चीनी मिलों की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। मशीनों की रिपेयरिंग के साथ ही यार्ड भी तैयार किए जा रहे हैं। गन्ना रिजर्वेशन क्षेत्रफल निर्धारण को लेकर सितंबर में बैठक हो चुकी है। क्रय केंद्रों के आवंटन की सूची पर अंतिम रिपोर्ट लग चुकी है, लेकिन अब तक इसे सार्वजनिक नहीं किया गया है। इसकी वजह से अधिकांश किसानों में बैचेनी है। दरअसल इकबालपुर चीनी मिल के गन्ना भुगतान करने में पिछले तीन साल से हो रही हीलाहवाली के चलते इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में दूसरी मिलों के क्रय केंद्र स्थापित हुए हैं। इस बार इकबालपुर चीनी मिल प्रबंधन इसे लेकर विरोध कर रहा है।

## रोडवेज की बस में आठ फीट का विकराल अजगर देखकर चालक के होश उड़े

**संवाददाता** रुद्रपुर। परिवहन निगम की बस में विकराल अजगर देखकर चालक के होश उड़ गए। शोर मचाने पर अन्य लोग मौके पर पहुंचे। विभागीय अधिकारियों ने मामले की जानकारी वन विभाग के अफसरों को दी। वन विभाग के लोगों ने अजगर को रेस्क्यू कर ले गए।

परिवहन निगम की 24 बसें आरटीओ को सरेंडर की गई थी। लॉकडाउन में काम बंद होने से टैक्स की बचत के लिए बसों के कागजात आरटीओ में जमा कर दिए गए थे। बीते आठ महीने से यह बसें रुद्रपुर परिवहन डिपो के कार्यशाला में खड़ी थी। आरटीओ की ओर से सोमवार को बसें रिलीज कर दी गई हैं। जिन्हें मंगलवार को स्टार्ट करके चेक किया जा रहा था। परिवहन विभाग के टाइमकीपर ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि रोडवेज वर्कशॉप के बंद गेट के पास खड़ी बस को स्टार्ट करने के लिए चालक ने प्रयास किया।

इस दौरान बस के इंजन के पास अजगर के शरीर का हिस्सा दिखाई दिया। पास से देखने पर पता चला कि करीब आठ फिट लंबा अजगर बस



में मौजूद है। अजगर देखते ही चालक ने शोर मचाना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद मैकेनिक व अन्य अधिकारियों ने पहुंचकर जानकारी ली। सूचना के बाद वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू किया। इस दौरान अजगर की मोटाई करीब पौन फिट और लंबाई करीब आठ फिट थी। बस में अजगर मिलने के बाद यह लोगों के बीच में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## ट्रैक्टर रैली के बाद कांग्रेसियों पर दर्ज मुकदमों के विरोध में एसपी के सामने धरने पर बैठे

**संवाददाता**

हल्द्वानी। ट्रैक्टर रैली के बाद कांग्रेसियों पर दर्ज मुकदमों के विरोध में मंगलवार को कार्यकर्ता पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी और प्रदेश महासचिव महेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बहुद्देशीय भवन पहुँच गए। कांग्रेसियों ने कहा की अनुमति लेकर शांति के साथ रैली करने पर भी पुलिस मुकदमे दर्ज कर रही है वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने भी कल ट्रैक्टर कार्यक्रम किया था। जिसमें फिजिकल डिस्टेंस और मास्क का पालन नहीं हुआ।

कार्यकर्ता भाजपा के कार्यक्रम की फोटो लेकर पहुँचे थे। उन्होंने एसपी सिटी अमित श्रीवास्तव से कहा भाजपाइयों



पर मुकदमे दर्ज किए जाए। पुलिस के आनाकानी करने पर सभी एसपी के सामने धरने पर बैठ गए।

सोमवार को कांग्रेस ने कालाढूंगी और हल्द्वानी विधानसभा में किसान कानून के विरोध में बड़ी ट्रैक्टर रैली निकाली थी। जिसके बाद रात में पुलिस ने ब्लॉक अध्यक्ष कुंदन नेगी समेत 130 लोगों पर मुकदमा कर दिया। जिससे भड़के लोग आज सुबह एसपी से मिलने पहुँचे। भाजपा नेताओं की फोटो दिखा उन्होंने कहा कि नियमों पालन नहीं होने पर इनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया जाए। क्यों हर बार विपक्ष की आवाज दबाई जा रही। पुलिस ने जब जांच की बात कहकर आश्वाशन देना चाहा तो कार्यकर्ता और नेता सब जमीन पर धरने पर बैठ गए।

फिलहाल धरना जारी है। जिसमें कुंदन नेगी, भागीरथी बिष्ट, प्रदीप नेगी, बालम बिष्ट, संजय किरौला, नीरज तिवारी, सुमित कुमार, हेमंत साहू, संध्या डालाकोटी आदि मौजूद थे।

## 7 नवंबर को होगी नवोदय की प्रवेश परीक्षा

**संवाददाता** पुरोला। कोरोना महामारी संकट के चलते अप्रैल से टाली जा रही जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा अब जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 7 नवंबर को संपन्न कराई जाएगी। जनपद के परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश परीक्षाओं को संपन्न कराने को लेकर नवोदय विद्यालय प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश को आवेदन कर चुके छात्र–छात्राओं के लिए कोरोना वैश्विक महामारी के चलते लम्बे समय से प्रवेश परीक्षा का इंतजार अब खत्म हो गया है। विद्यालय के प्राचार्य पीएस रावत ने कहा कि सत्र 2020–21 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा की तिथि 7 नवम्बर घोषित हो चुकी है। कोविड संक्रमण के चलते सावधानी आवश्यक निर्देश जारी हैं। पुरोला ब्लाक में अब राजकीय इंटर कॉलेज के साथ ही राजकीय महाविद्यालय को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसी तरह से नौगांव व मोरी ब्लाकों में भी दो–दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जबकि भटवाड़ी, डुंडा और चिन्यालीसौड़ में एक–एक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।